राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR**

पत्र संख्या–पं0नि0 30–94/2024 3341

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
रोहतास।

पटना, दिनांक– 27.8.24

**विषयः– प्रखण्ड नोखा ग्राम पंचायत दक्षिणी बरॉव के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

**प्रसंगः– जिला पंचायत राज पदाधिकारी, रोहतास का पत्रांक 1697 दिनांक 10.08.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा **प्रखण्ड नोखा ग्राम पंचायत दक्षिणी बरॉव के उप मुखिया** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रेषित प्रतिवेदन/प्रस्ताव जो जिला पंचायती राज पदाधिकार के माध्यम से प्राप्त है, में प्रतिवेदन प्रपत्र–03 एवं उनसे संबंधित कागजात/साक्ष्य, (यथा–अध्यपेक्षा, तामिला एवं कार्यवाही) संलग्न नहीं हें

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि जिला पदाधिकारी के माध्यम से वांछित प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके।

विश्वासभाजन
27/8/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं0नि0 30–94/2024– 3341 पटना, दिनांक – 27.8.24

प्रतिलिपि : आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27/8/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

27.8.24

Sone Bhawan, 3rd Floor, Birchand Patel Marg, Patna – 800 001, Phone 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax: 0612-2507847, E-mail: secbihar@gmail.com secbihar@gmail.com